डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकःसीओई– 158 /FNo.COE-63-Vol-I/परीक्षा/शुल्क/सम्बद्ध संस्थान/2023-24 दिनांक 20 .06.2023

द्वारा–ई–मेल

कार्यालय ज्ञाप

{विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थाओं/महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों की परीक्षा से संबंधित विश्वविद्यालय स्तर पर ऑन–लाइन आवेदन के साथ अपेक्षित/निर्धारित शुल्क जमा किये जाने के संबंध में}

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थाओं/महाविद्यालयों में विश्वविद्यालय परीक्षा पद्धति के अनुसार सेमेस्टर/ वार्षिकी–नियमित/पूरक/बैक पेपर/फाइनल बैक पेपर आदि विधाओं में आयोजित परीक्षाओं एवं अन्य परीक्षा से संबंधित ऑन लाइन आवेदन हेतु निर्गत कार्यालय ज्ञाप/सूचना के माध्यम से परीक्षा आयोजन से पूर्व प्रकियान्तर्गत, विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित ERP पोर्टल के अन्तर्गत Examination Portal के माध्यम से नामांकन संख्या/अनुक्रमांक (Enrollment No./Roll No.) भरकर लॉगिन करते हुये ऑन–लाइन आवेदन आमंत्रण के अन्तर्गत निर्धारित/अपेक्षित शुल्क को बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow के नाम से संचालित संबंधित खाता संख्या में RTGS/NEFT आदि के माध्यम से जमा कराते हुए, जमा शुल्क धनराशि का विवरण आवेदन में उल्लेख कर संबंधित अभिलेख संलग्न कराते हुए हुए आवेदन भराये जाने की पूर्ण कार्यवाही सम्पादित कराई जाती है।

तत्पश्चात् संबंधित संस्था/महाविद्यालय द्वारा परीक्षणोपरान्त ऑन लाइन आवेदन का सम्पूर्ण विवरण डाटा शुल्क संबंधी अभिलेख को संलग्न कर कार्यालय को प्रेषित करने के पश्चात् संबंधित परीक्षार्थी निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार प्रवेश पत्र के माध्यम से परीक्षा में प्रतिभाग करते हैं।

उपरोक्तानुसार विश्वविद्यालय स्तर पर ऑन–लाइन आवेदन की प्रक्रिया के समीक्षा/परीक्षणोपरान्त समस्त सम्बद्ध संस्थाओं/महाविद्यालयों को यह सूचित किया जाता है कि ऑन–लाइन आवेदन की प्रकियान्तर्गत अपेक्षित/निर्धारित शुल्क जमा करते हुए आवेदन भरने की कार्यवाही पूर्ण की जाय तथा विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार संबंधित संस्था/महाविद्यालय द्वारा परीक्षा आयोजन से पूर्व ऑन–लाइन आवेदन की हार्ड–कॉपी, जमा किये गये शुल्क–अभिलेख सहित परीक्षणोपरान्त सूचीबद्ध विवरण के साथ परीक्षा नियंत्रक कार्यालय को अनिवार्य रूप से प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

02). ऑन लाइन अपूर्ण आवेदन किसी भी दशा में मान्य नहीं होगा, बिना अपेक्षित/निर्धारित शुल्क के परीक्षार्थी का प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किया जायेगा, जिसके लिये आवेदक/संबंधित संस्थान/कॉलेज स्वयं उत्तरदायी होंगे।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वैयक्तिक सहायक कुलपति, माननीय कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
3. सिस्टम एनालिस्ट, विश्वविद्यालय को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
4. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थान/महाविद्यालयों को उपरोक्तानुसार अनुपालनार्थ।
5. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एजेन्सी को इस निर्देश के साथ कि ऑन लाइन आवेदन की सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त ही आवेदक/संस्थान को ऑन–लाइन परीक्षा हेतु प्रवेश–पत्र निर्गत करायेंगे।
6. परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ/अनुभाग।

20/6/23

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक